प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने खेल स्थलों का किया निरीक्षण

पंतनगर। 21 फरवरी 2026। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में 23 से 26 फरवरी, 2026 को राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालय खेल–कूद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ले ज गुरमीत सिंह के कर–कमलों से होगा।

कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्टीवेंसन स्टेडियम के विभिन्न खेल स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति डा. चौहान द्वारा स्टेडियम सहित विभिन्न इनडोर एवं आउटडोर खेल स्थलों का अवलोकन किया तथा तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट, फ्लोरिंग, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता एवं खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। कुलपति डा. चौहान ने कहा कि प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे, अतः आयोजन की सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने खेल मैदानों एवं परिसर में सुरक्षा, चिकित्सा, आवास एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं खेल विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रतियोगिता के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।